Total Pages : 4

H-5921

M.A. (Semester-II) Examination, 2022

HINDI

[Paper : First]

(Aadhunik Kavya)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 24

निर्देशः यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है। सभी खण्डों के प्रश्नों को करना **अनिवार्य** है। अंक प्रश्न के समक्ष अंकित हैं।

खण्ड-अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1.**(अ)** निम्नलिखित खाली स्थानों की पूर्ति कीजिएः [5]

(i) सत्रह वर्ष की अवस्था में 'कविवचन सुधा' पत्रिका का प्रकाशन ____ने प्रारम्भ किया।

(ii) हरिऔध जी उच्चकोटि के ____भी थे।

(iii) 'साकेत' में ____ सर्गों का विधान है।

(iv) पंत जी की काव्यशैली ____ है।

(v) मीरा का आधुनिक अवतार ____ को माना जाता है।

(ब) सही विकल्प का चयन कीजिए : [5]

(vi) कामायनी में 'मनु' को प्रतीक माना गया है :

(क) हृदय का (ख) बुद्धि का

(ग) मन का (घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) 'साकेत' की भाषा है :

(क) खड़ी बोली (ख) अवधि

(ग) ब्रज (घ) पालि

(viii) 'तोड़ती पत्थर' में चित्रण हुआ है :

(क) विधवा का (ख) युवती का

(ग) मजदूरिन का (घ) बच्ची का

(ix) 'नदी के द्वीप' के रचयिता हैं :

(क) अज्ञेय (ख) नागार्जुन

(ग) मुक्तिबोध (घ) महादेवी वर्मा

(x) महादेवी का जन्म हुआ :

(क) वर्ष 1907 ई. में

(ख) वर्ष 1910 ई. में

(ग) वर्ष 1920 ई. में

(घ) वर्ष 1930 ई. में

खण्ड–ब

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न की शब्द सीमा **25-30** शब्द है। [10]

2. (i) भारतेन्दु जी ने 'यमुना शोभा' का वर्णन किस प्रकार किया है?

(ii) 'प्रिय प्रवास' में किन रसों का समावेश हुआ है?

(iii) 'साकेत' में उर्मिला को नायिका क्यों बनाया गया है?

(iv) 'कामायनी' का इतिहास किस युग से संबंधित है?

(v) 'राम की शक्ति पूजा' में कवि किसकी उपासना करता है?

(vi) पंत का 'परिवर्तन' किस बात की पुष्टि करता है?

(vii) महादेवी वर्मा की 'दीपशिखा' किन भावनाप्रधान गीतों का संग्रह है?

खण्ड–स

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **250** शब्दों में दीजिए : [20]

3. (i) हिन्दी में आधुनिक काव्य प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

(ii) आधुनिक काव्य के प्रकारों के विकासक्रम को समझाइए।

(iii) भारतेन्दु जी के 'यमुना शोभा' को समझाइए।

(iv) 'साकेत' के महाकाव्यत्व पर एक लेख लिखिए।

(v) कामायनी की प्रासंगिकता पर अपने विचार लिखिए।

(vi) 'जूही की कली' का काव्य सौंदर्य लिखिए।

(vii) पंत का 'परिवर्तन' कविता का उद्देश्य एवं महत्त्व समझाइए।

खण्ड–द

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 500 शब्दों में दीजिए। [30]

4. (i) भारतेन्दु जी के प्रकृति वर्णन की समीक्षा कीजिए।

(ii) हरिऔध जी के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(iii) 'राम की शक्ति पूजा' के काव्य सौष्ठव पर प्रकाश डालिए।

(iv) पंत के प्रकृति–चित्रण का निरूपण कीजिए।

(v) ''कामायनी में मानवता के इतिहास का निरूपण हुआ है'' इस कथन को सिद्ध कीजिए।

----×----